हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

कुरवाई में निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर



कुरवाई। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को कुरवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय से हुआ। यात्रा में कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। भारत माता के जयघोष और तिरंगे की शान के साथ पूरा कुरवाई देशभक्ति के रंग में नजर आया।

बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

विदिशा। भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनिता कांसबा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त निर्धारित है। 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एवं नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards. gov.in के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। यह पुरस्कार वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है।

भारत माता की जय से गूंजा ग्यारसपुर



ग्यारसपुर। आजादी के 80वें वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को ग्यारसपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तहसील कार्यालय से छापर मोहल्ला तक करीब एक किलोमीटर लंबी यात्रा में संदीपनी विद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एसडीएम शशि मिश्रा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर की मौजूदगी में निकली यात्रा के दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से नगर गूंज उठा। डीजे पर देशभक्ति गीतों ने जोश बढ़ाया। सड़क किनारे लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा, बीईओ, बीआरसी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

बुधवार रात 8.30 बजे कुछ देर के लिए हुई झमाझम बारिश से लौटी ठंडक

लटेरी में सबसे ज्यादा वर्षा, बेतवा नदी का जलस्तर सात फीट घटा

बेतवा के छोटे पुल से 3 फीट नीचे बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। रविवार और सोमवार को हुई तेज बारिश के बाद नदी उफान पर आ गई थी, लेकिन अब पानी करीब 7 फीट नीचे उतर गया है। वर्तमान में बेतवा नदी का पानी छोटे पुल से लगभग 3 फीट नीचे बह रहा है। इससे नदी के आसपास के घाट और पुलों की स्थिति सामान्य होने लगी है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई है, इसलिए प्रशासन नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है।

तेज बारिश के बाद उफनी थी बेतवा

भोपाल और रायसेन क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश का सीधा असर विदिशा में बेतवा नदी के जलस्तर पर पड़ा था। बारिश के बाद नदी का पानी तेजी से बढ़ गया था और बेतवा उफान पर आ गई थी। इस दौरान चरणतीर्थ घाट स्थित मंदिर पानी में डूब गए थे, जबकि छोटे पुल के ऊपर से भी पानी बहने लगा था। नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन को सतर्क रहना पड़ा था। लगातार पानी घटने के बाद अब बेतवा नदी का जलस्तर सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है। नदी का पानी छोटे पुल से करीब 3 फीट नीचे बह रहा है। पहले पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति बनने के बाद अब पुल और आसपास के घाटों पर भी स्थिति सामान्य होती दिखाई दे रही है। बुधवार सुबह से विदिशा में हल्की फुहारों का दौर जारी रहा। बारिश के कारण मौसम में ठंडक बनी हुई है। हालांकि, लगातार हो रही हल्की बारिश और आसपास के क्षेत्रों में संभावित बारिश को देखते हुए नदी के जलस्तर में दोबारा बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। इस साल अब तक जिले में सबसे ज्यादा बारिश लटेरी में 721.6 मिमी दर्ज की गई है। इसके बाद बासौदा में 653 मिमी और नटेरन में 598 मिमी बारिश हुई है। वहीं, गुलाबगंज में सबसे कम 313 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पठारी में इस साल अब तक 591.4 मिमी बारिश हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक यहां 1078.6 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी थी। बेतवा नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है। पिछले दिनों नदी के उफान पर आने के बाद घाट और छोटे पुल के आसपास सतर्कता बढ़ाई गई थी। अब पानी कम होने से स्थिति सामान्य हो रही है, लेकिन आगामी बारिश को देखते हुए नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव की लगातार निगरानी की जा रही है।



विदिशा। दो दिन पहले चरणतीर्थ स्थित यह मंदिर पानी में आधे डूब गए थे। अब करीब 7 फीट पानी कम हो गया।

12 अगस्त को औसत 5.4 मिमी बारिश दर्ज हुई

12 अगस्त को विदिशा जिले में औसतन 5 .4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछले साल इसी तारीख तक जिले में औसत 20 .1 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस आंकड़े से भी इस साल जिले में पिछले वर्ष की तुलना में बारिश की कमी साफ दिखाई दे रही है।

पिछले रविवार और सोमवार को हुई तेज बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है। बारिश को फसलों के लिए भी बेहतर माना जा रहा है। लंबे समय से बारिश की जरूरत महसूस कर रहे किसानों को पानी मिलने से फसलों की स्थिति में सुधार की उम्मीद है।



विदिशा। पुल पुलियों पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे लोग।

पर्याप्त बारिश होने पर कृषि उत्पादन में भी सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।

जिले में अब तक 544.3 मिमी बारिश

विदिशा जिले में 12 अगस्त तक औसतन 544 .3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल इसी अवधि तक जिले में 823 .7 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस तरह पिछले साल की तुलना में इस वर्ष अब तक 279 .4 मिमी यानी करीब 34 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जिले की सामान्य वार्षिक बारिश 1075 .50 मिमी है। इसके मुकाबले 12 अगस्त तक जिले में करीब 51 प्रतिशत बारिश ही दर्ज की गई है।

अगले तीन दिन बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। ऐसे में भोपाल और रायसेन क्षेत्र में होने वाली बारिश का असर विदिशा की बेतवा नदी के जलस्तर पर भी पड़ सकता है। फिलहाल नदी का पानी लगातार उतर रहा है, लेकिन आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने पर जलस्तर फिर बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

नहरयाई गांव के घर में हुई लाखों की चोरी

गोदरेज का लॉकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े



विदिशा। रात में घर का पूरा सामान बिखराकर जेवर चुरा ले गए चोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के शमशाबाद तहसील के ग्राम नहरयाई में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, बर्तन, कपड़े और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 10 से 12 लाख रुपए है।

रात 3 बजे घर में घुसे

ग्राम नहरयाई निवासी रामसेवक यादव के घर में रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई। चोर घर के अंदर दाखिल होने के बाद अलग-अलग कमरों में पहुंचे और वहां रखे सामान को खंगालना शुरू कर दिया। उन्होंने कमरों में रखी पेटियां खोल दीं और कपड़े समेत अन्य सामान इधर-उधर बिखेर दिया। चोरों ने घर के अंदर रखी गोदरेज की अलमारी को भी निशाना बनाया। उन्होंने अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा अन्य कीमती सामान निकाल लिया। इसके अलावा घर में रखी नकदी, बर्तन, कपड़े और अन्य सामान भी चोर अपने साथ ले गए।

सूटकेस भी ले गए, जंगल में मिला

चोर जाते समय घर से एक सूटकेस भी अपने साथ ले गए। बाद में इस सूटकेस को जंगल में फेंक दिया गया। परिजनों के अनुसार चोर सूटकेस में रखा सामान निकालकर अपने साथ ले गए और खाली सूटकेस जंगल में छोड़ दिया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो उन्हें घर में सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। जांच करने पर गोदरेज की अलमारी का लॉकर टूटा मिला और उसमें रखे जेवरात व अन्य कीमती सामान गायब थे। इसके बाद परिवार ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। चोरी की सूचना मिलते ही शमशाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरी से जुड़े साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी है।

सम्राट उदय-2026: साइबर सुरक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण का पाठ



विदिशा। सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'सम्राट उदय-2026' के तीसरे दिन साइबर सुरक्षा और व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष सत्र हुए। एमजेईएस सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मेहनत से संस्था व देश का नाम रोशन करने की अपील की। एनएलआईयू भोपाल के डॉ. अस्तित्व भार्गव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्क रहने, ऑनलाइन जानकारी सत्यापित करने और ठगी होने पर 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत करने की सलाह दी। आशीष खजांची ने विद्यार्थियों को कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर व्यक्तित्व, एटीट्यूड और एप्टीट्यूड निखारने के सूत्र बताए।

खेत की फेंसिंग में फंसे जंगली सूअर, एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर में जंगली सूअरों के शिकार के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

वन विभाग के अनुसार 11 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हैदरगढ़ के राजमंदिर के पीछे बावड़ी एवं पीपल के पेड़ के पास रास्ते में दो जंगली सूअर मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां दो नर जंगली सूअर मृत मिले। जांच के दौरान खेत की मेड़ पर कटीले तारों के निशान तथा बाबेंड वायर फेंसिंग में जंगली सूअर के बाल फंसे मिले।

खेत के चारों ओर बिजली का तार भी पाया गया। वन विभाग ने दोनों मृत जंगली सूअर, बिजली का तार और बाबेंड वायर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में पन्नालाल पुत्र मानसिंह लोधी निवासी मढिया जामुन को गिरफ्तार कर न्यायालय विदिशा में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान मुकेश शर्मा, परिक्षेत्र सहायक, देवकीनंदन रैकवार, रामसखा वर्मा अनुज शर्मा, रीतेश अहिरवार आदि मौजूद रहे।

मजदूर संघ का 17 को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

विदिशा। भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक मानव सेवा न्यास सभागार में अखिल भारतीय मंत्री अरविंद मिश्रा की उपस्थिति में हुई। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के प्रति सरकारों की संवेदनशीलता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय आह्वान पर 17 अगस्त को विवेकानंद चौराहा से कलेक्ट्रेट तक विराट रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की। नगरपालिका कर्मचारियों की समस्याओं पर भी चर्चा कर समय पर वेतन देने और वेतन कटौती नहीं करने की मांग रखी गई।

कानीखेड़ी के पास बाइक सवार 4 लुटेरों ने दंपती के साथ की लूट

पुलिस ने रात में ही स्टेशन से आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कानीखेड़ी के पास बीती रात बाइक सवार चार बदमाशों ने दंपती को रोककर मारपीट की और नकदी, मंगलसूत्र व मोबाइल लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात में ही रेलवे स्टेशन से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटा गया माल भी बरामद कर लिया है।

मड़िया खुर्द निवासी भिम्मा रैकवार अपनी पत्नी के साथ शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय आया था। रात करीब 11:30 बजे दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। कानीखेड़ी और भसूड़ा के बीच चार बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और करीब 5 हजार रुपए नकद, मंगलसूत्र व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

दंपती ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को घटना बताई। शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाशों का हुलिया गश्ती दल को बताया। कुछ ही देर में चारों आरोपी रेलवे स्टेशन पर मिल गए। भिम्मा ने उनकी पहचान की। थाना प्रभारी जय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

मंदिर चोरी का खुलासा एक आरोपी गिरफ्तार

गुलाबगंज। मंदिरों में हुई चोरी की वारदातों का गुलाबगंज पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चांदी के मुकुट, हार सहित करीब एक लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। वारदात में प्रयुक्त काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को मंदिर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थलों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर काली स्प्लेंडर से घूम रहे संदिग्ध की पहचान गिरीस वन उर्फ शुभम गोस्वामी (28) निवासी ठर्रका के रूप में हुई। 12 अगस्त को पुलिस ने आरोपी को कुआखेड़ी जोड़ से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गुलाबगंज, गणेशपुर मूड़रा, ऐरन और संतापुर के मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ विदिशा के कोतवाली और सिविल लाइन थानों में पहले से मंदिर चोरी एवं मारपीट के मामले दर्ज हैं।

जिला स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा में विदिशा का दबदबा

विदिशा। साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट सह ट्रायल (चयन स्पर्धा) का समापन हुआ। प्रतियोगिता में लटेरी, विदिशा और गंजबासौदा ब्लॉक की टीमों ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विदिशा ब्लॉक की टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा। विदिशा ने लगभग सभी आयु वर्गों के फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग के रोमांचक फाइनल में गंजबासौदा की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। समापन अवसर पर खेल अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीमों को बधाई दी। इस दौरान जिला खेल अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, ब्लॉक खेल अधिकारी अंबेश सोनी, भूपेंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, संजय ठाकुर, अनघ गौर, निशांक जैन एवं गौतम कुर्मी उपस्थित रहे।

55 लाख के उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण पर सवाल घटिया काम के आरोप

ग्यारसपुर। ग्राम पंचायत पुरा गुसाईं में 55 लाख रुपये की लागत से बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माण स्थल पर कॉलम से सरिया बाहर निकलने और छत से पानी रिसने की बात सामने आई है। सरपंच पृथ्वीराज मीणा ने मामले की कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से तत्काल जांच कराकर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर उपेंद्र चौधरी से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

दस करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के तहत हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र द्वारा 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत बुधवार को स्वर्गीय अनिल यादव पत्रकार भवन में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अभियान के पोस्टर के अनावरण के साथ हुआ।

संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में यह राष्ट्रव्यापी अभियान 6 से 20 अगस्त तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बीके रुकमणी दीदी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजागरण के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाना और प्रत्येक नागरिक को इस सामाजिक परिवर्तन में सहभागी बनाना है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, थाना प्रभारी संजीव वेदिया एवं नीलेश अग्रवाल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणामों से समाज को बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ, एसजीएस कॉलेज, शासकीय गर्ल्स स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, सेंट एसआरएस स्कूल, रतनबाई हायर सेकेंडरी स्कूल सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

युवाओं, बच्चों और वरिष्ठजनों ने हाथों में तिरंगा लेकर लगाए भारत माता के जयकारे

स्टेडियम से निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय पर्व की शुरुआत के साथ ही जिले में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार शाम को पुलिस विभाग द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें एसपी रोहित काशवानी सहित दोनों थानों के टीआई और पुलिस बल शामिल हुआ।

शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का संदेश दिया गया है। वहीं सुबह के समय स्टेडियम से तिरंगा यात्रा निकाली गई। खास बात यह रही कि यह किसी सरकारी विभाग का आयोजन नहीं था, बल्कि खेल स्टेडियम में नियमित रूप से आने वाले युवाओं, बच्चों, कोच और अन्य साथियों ने अपने स्तर पर यात्रा का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में युवा, बच्चे-बच्चियां, कोच, स्टेडियम ग्रुप के सदस्य और वरिष्ठजन शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने भारत माता के जयकारे और देशभक्ति के नारे लगाए। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के बीच युवा उत्साह के साथ झूमते हुए यात्रा में शामिल हुए। इससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। आयोजन से जुड़े लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि युवाओं और नई पीढ़ी में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। लोगों से अपील की गई कि वे हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और राष्ट्रीय पर्व को उत्साह के साथ मनाएं। आयोजकों ने यात्रा में शामिल सभी युवाओं, बच्चों, कोच, वरिष्ठजनों और सहयोगियों का आभार जताया।



विदिशा। एसपी रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में निकली पुलिस की तिरंगा यात्रा।



विदिशा। रोज सुबह स्टेडियम जाने वाले लोगों ने मिलकर निकाली तिरंगा रैली।


हर घर तिरंगा
गंजबासौदा के
विकासपुरुष
सच्चे जनसेवक
हम सबके
लाड़ले
विधायक
मा. श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड़ाजी)
को जन्म दिवस (13 अगस्त)
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमति शशि अनिल जी यादव
अध्यक्ष - न.पा. परिषद, गंजबासौदा
सौजन्य से - देवेन्द्र यादव मित्रमंडली, गंजबासौदा


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
वीरेन्द्र सिंह दांगी सरपंच
लखन रघुवंशी सचिव
रविराज दांगी रोजगार सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत चिरावटा, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
निरंजन कुशवाह सरपंच
इलयाज खान सचिव
भारतसिंह कुशवाह रोजगार सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत खिरिया जागीर, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
शिवराज रघुवंशी महामंत्री
ऊषाबाई सहरिया सरपंच
मनोज भावसार सचिव
शैलेन्द्र रघुवंशी रोजगार सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत मानौरा, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
शिवराज रघुवंशी महामंत्री
पृथ्वीराज मीणा सरपंच
जितेन्द्र ढांगी सचिव
जालिमसिंह मीना रोजगार सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत पुरा गौसाई, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
मनोज रघुवंशी सरपंच, पथरई
कौशल कुमार जैन सचिव पथरई
सरिता रघुवंशी रोजगार सहायक पथरई
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत पथरई, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
द्रोपतीबाई सरपंच
गोकुल बंसल सरपंच प्रतिनिधि
बालाराम कुशवाह सचिव
दातार सिंह लोधी रोज. सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत पिंपरिया पारासर, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
राजेन्द्र मीणा पूर्व मंडल अध्यक्ष
जसवंत सिंह मीणा सरपंच
संतोष सेन सचिव
रामवचन विश्वकर्मा रोजगार सहायक
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत घटेरा, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
ऊषा बाई सरपंच
राजवीर गुर्जर सरपंच प्रति.
भाईसिंह दांगी सचिव
अवधनारायण मीणा रोजगार सहायक
मुकेश सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष
सौजन्य: ग्राम पंचायत मढ़िया धामनौद, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक, आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा जी)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
ऊषा बाई सरपंच
भारत सिंह गुर्जर सरपंच प्रति.
बुंदेल यादव सचिव
वैजयंती कुशवाह रोजगार सहायक
हुकुम सिंह कुशवाह
सौजन्य: ग्राम पंचायत बंडवा, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
मुकेश सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष
राजू कुशवाह सरपंच, ग्यारसपुर
प्रीतम लोधी उपसरपंच, ग्यारसपुर
नरसिंह दास बैरागी सचिव
शिवानी चौरसिया रोजगार सहायक
सौजन्य से- ग्राम पंचायत ग्यारसपुर, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
मुकेश सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष
गजराज सिंह दांगी सरपंच
ओमप्रकाश पाठक सचिव
नीरज कुशवाह रोजगार सहयक
भाईसिंह कुशवाह भाजपा कार्यकर्ता
सौजन्य- ग्राम पंचायत इंदरवास, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
मुकेश सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष
राजेन्द्र मीणा पूर्व मंडल अध्यक्ष
कृष्णाबाई कुशवाह सरपंच
किशोर कुशवाह सरपंच प्रतिनिधि
मनिराम कुशवाह जनपद सदस्य
अरूण कुमार शर्मा सचिव
वीरेन्द्र कुमार तोमर रोजगार सहायक
सौजन्य- ग्राम पंचायत औलिंजा, जनपद ग्यारसपुर


बासौदा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय
श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड्डा)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
अग्रिम शुभकामनाएं
अजय गुर्जर मंडल अध्यक्ष
सुनील विश्वकर्मा सरपंच
राकेश कंकोरिया सचिव
दीपिका भावसार रोजगार सहायक
सौ. ग्रा.पं. हैदरगढ़, जनपद ग्यारसपुर





गंजबासौदा के विकासपुरुष,
सच्चे जनसेवक, हम सबके लाड़ले विधायक

मा. श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड़ाजी)

को जन्म दिवस (13 अगस्त)
की हार्दिक शुभकामनाएँ



हर घर तिरंगा





श्रीमति शशि अनिल जी यादव
अध्यक्ष - न.पा. परिषद, गंजबासौदा



श्रीमति अंशलेखा रोहित भावसार
प्रभारी लोक निर्माण एवं आवास
पार्षद वार्ड नं. 24

श्रीमति रिया संजय भावसार
प्रभारी - स्वास्थ्य विभाग
पार्षद वार्ड नं. 16

श्रीमति संतोषी जितेन्द्र मैना
प्रभारी जल विभाग
पार्षद वार्ड नं. 14

श्रीमति नीलू चंद्रशेखर चौबे
प्रभारी - राजस्व विभाग
पार्षद वार्ड नं. 18

श्री मनोज अहिरवार
प्रभारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
पार्षद वार्ड नं. 10

श्री मनीष विश्वकर्मा
प्रभारी - सामान्य प्रशासन
पार्षद वार्ड नं. 6

श्री सुनील साहू
प्रभारी - महिला एवं बाल कल्याण शिक्षा
पार्षद वार्ड नं. 7

श्रीमति विजेता - राजू ठाकुर
पार्षद वार्ड नं. 8

श्रीमति भारती - सरदार अहिरवार
पार्षद वार्ड नं. 9

श्रीमति सरोज रामबाबू रघुवंशी
पार्षद वार्ड नं. 13

श्रीमति शिवानी धर्मेन्द्र कुशवाह
पार्षद वार्ड नं. 15

श्रीमति ज्योति पिकू शर्मा
पार्षद वार्ड नं. 17

श्री मूलचंद अहिरवार
पार्षद वार्ड नं. 20

श्री नारायण सोनी
पार्षद वार्ड नं. 21



श्री जितेन्द्र मैना
पार्षद प्रति. वार्ड 14

श्री रोहित भावसार
पार्षद प्रति. वार्ड 24

श्री संजय भावसार
पार्षद प्रति. वार्ड 16

श्री रितुज एलिया
पार्षद वार्ड 19

श्री चंद्रशेखर चौबे
पार्षद प्रति. वार्ड 18

श्री धर्मेन्द्र कुशवाह
पार्षद प्रति. वार्ड 15

श्री शुभम रघुवंशी
पार्षद प्रति. वार्ड 13

श्री सरदार अहिरवार
पार्षद प्रति. वार्ड 09

सौजन्य से - श्रीमति शशि अनिल यादव (अध्यक्ष न.पा. परिषद) एवं समस्त पार्षदगण, गंजबासौदा



गंजबासौदा ग्यारसपुर
के विकास पुरुष हम
सबके लाड़ले विधायक

मा. श्री हरिसिंह जी रघुवंशी (बड़ाजी)

को जन्म दिवस (13 अगस्त) की हार्दिक शुभकामनाएँ





रोहित पटेल
अध्यक्ष- भाजपा मण्डल अध्यक्ष त्योंदा



सौरभ पटेल पिपराहा
युवा भाजपा नेता

सौजन्य से - ग्रीन फार्म एग्रो सोर्टेक्स, बागरोद चौराहा